अमर उजाला 19/02/2025

# छात्रों के साथ बातचीत कर विशेषज्ञता की साझा



एनएसएस शिविर में हिस्सा लेते छावनी के जीएमएन कॉलेज के स्वयंसेवक। कॉलेज

## लोगों को नशे से होने वाले नुकसान बताए

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के एनएसएस यूनिट की ओर से शिविर के दूसरे दिन प्रातः:कालीन सत्र में अनेक प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें भोजन बिना अग्नि के प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का बिंदू रही। जिसमें स्वयंसेवकों ने अग्नि का प्रयोग किए बिना विशिष्ट व्यंजन अपने हाथों से तैयार किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में हम की भावना उत्पन्न करती हैं। शिविर के संध्याकालीन सत्र में गांव में नशा मुक्ति पर रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर गांव के लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। संवाद